Pre-Board Examination-2024

कक्षा -10 **BLP(S)**

सामाजिक विज्ञान

समय : 3:00 घंटा **पूर्णांक 70**

नोट- 1. खण्ड अ में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं तथा खण्ड ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

2. प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए और अन्त तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो, उस पर समय नष्ट मत कीजिए।

खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न) (1×20=20)

1. 'प्रशा' के राजा विलियम प्रथम को जर्मनी का सम्राट कब घोषित किया गया-
(क) दिसम्बर, 1870 में (ख) जनवरी, 1870 में
(ग) जनवरी, 1871 में (घ) जनवरी, 1872 में

2. इटली के प्रदेश नेपल्ज तथा सिसली पर किस वंश का कब्जा था-
(क) हैब्सवर्ग वंश (ख) बूर्बो वंश
(ग) मैकाडी वंश (घ) इनमें से कोई नहीं

3. सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब चलाया गया-
(क) 1920 (ख) 1927 (ग) 1930 (घ) 1935

4. विश्व में प्रथम मित्र राष्ट्र में निम्न में से कौन-सा देश शामिल नहीं था-
(क) ब्रिटेन (ख) फ्रांस (ग) रूस (घ) जर्मनी

5. भारत में सर्वप्रथम जूट मिल की स्थापना हुई-
(क) आन्ध्र प्रदेश में (ख) बंगाल में
(ग) संयुक्त प्रांत में (घ) बॉम्बे में

6. नवीकरणीय संसाधन का उदाहरण है-
(क) मृदा (ख) वनस्पति (ग) कोयला (घ) धातुएँ

7. भारत में वन नीति का निर्माण किया गया है-
(क) वर्ष 1960 में (ख) वर्ष 1952 में
(ग) वर्ष 1972 में (घ) वर्ष 1990 में

8. माता टीला बाँध किस जनपद में बनाया गया है-
(क) आगरा में (ख) ललितपुर में
(ग) कानपुर में (घ) मथुरा में

PDF Hindustanknowledge.com

9. भारत में सर्वाधिक रबड़ उत्पन्न करने वाला राज्य है-
(क) तमिलनाडु (ख) केरल (ग) कर्नाटक (घ) ओडिशा

10. श्वेत क्रान्ति सम्बन्धित है-
(क) खाद्यान्न उत्पादन से (ख) दुग्ध उत्पादन से
(ग) दलहन उत्पादन से (घ) तिलहन उत्पादन से

11. 1956 में पारित कानून के अनुसार श्रीलंका की राजभाषा है-
(क) सिंहली (ख) टामिल
(ग) दक्षिणी हिन्दी (घ) द्रविड़-संस्कृत

12. सत्ता या शक्ति का ऊर्ध्वाधर विभाजन पाया जाता है-
(क) बेल्जियम में (ख) श्रीलंका में
(ग) ब्रिटेन में (घ) इनमें से कोई नहीं

13. सरकार के प्रत्येक स्तर के अस्तित्व और प्राधिकार की गारंटी तथा सुरक्षा कौन देता है-
(क) संसद (ख) संविधान
(ग) केन्द्रीय सरकार (घ) न्यायपालिका

14. निम्नलिखित में से समवर्ती सूची से सम्बन्धित विषय है-
(क) शिक्षा (ख) वन (ग) मजदूर संघ (घ) ये सभी

15. काले दस्ताने और बँधी हुई मुट्ठियाँ प्रतीक थी-
(क) ओलम्पिक शक्ति की (ख) खिलाड़ियों की एकजुटता की
(ग) यूरोपीय श्रेष्ठता की (घ) अश्वेत शक्ति की

16. नारीवादी आन्दोलन के प्रमुख भागों का क्षेत्र था-
(क) शैक्षिक (ख) कॅरियर के उचित अवसर
(ग) समान अधिकार (घ) ये सभी

17. विश्व विकास रिपोर्ट कौन प्रकाशित करता है-
(क) मुद्रा बैंक (ख) विश्व बैंक
(ग) सहकारी बैंक (घ) एशिया बैंक

18. द्वितीयक क्षेत्र को अन्य किस नाम से जाना जाता है-
(क) प्राथमिक क्षेत्र (ख) खनन क्षेत्र
(ग) औद्योगिक क्षेत्र (घ) कृषि क्षेत्र

19. वस्तु विनिमय प्रणाली को कहते हैं-
(क) प्रत्यक्ष विनिमय (ख) अप्रत्यक्ष विनिमय
(ग) मौद्रिक (घ) क्रय-विक्रय

PDF Hindustanknowledge.com

20. भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार होता है-

(क) सड़क मार्ग से (ख) समुद्री मार्ग से

(ग) रेलमार्ग से (घ) वायु मार्ग से

वर्णनात्मक - 1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में) **4×4=16**

21. उदारवादी राष्ट्रवाद का अर्थ बताइए तथा इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

वियना की संधि के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

22. नवीकरणीय संसाधन क्या है? इन्हें कितने भागों में विभाजित किया जाता है?

23. बेल्जियम में सभी समूहों को व्यवस्थित रूप में रखने के लिए क्या व्यवस्था की गई है?

24. असंगठित क्षेत्र किसे कहा जाता है? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

वर्णनात्मक - 2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में) **6×4=24**

25. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की छः कमियाँ लिखिए।

अथवा

सतत् विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

26. जर्मनी एकीकरण की प्रक्रिया के बारे में एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

अथवा

ब्रेटन वुड्स समझौते का क्या अर्थ है? इसका क्या उद्देश्य था?

27. संघात्मक तथा एकात्मक शासन व्यवस्था में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

स्थानीय स्वशासन की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

28. वनों के महत्व पर प्रकाश डालिए तथा वन विनाश रोकने के लिए कोई चार उपाय लिखिए।

अथवा

वर्षा जल संग्रहण से क्या तात्पर्य है? वर्षा जल संग्रहण के विभिन्न तरीके बताइए।

PDF Hindustanknowledge.com

मानचित्र सम्बन्धी

खण्ड क

29. निम्न स्थानों को भारत के मानचित्र में दर्शाइए- 1×4=4

i. वह स्थान जहाँ सितम्बर, 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

ii. वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

iii. वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

iv. वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

v. 20 सेमी0 से कम वर्षा वाले क्षेत्र।

खण्ड ख

30. दिए गए मानचित्र पर निम्न को चिह्नित कीजिए- 1×5=5

i. वह राज्य जहाँ पीने के पानी के लिए भूमिगत टाँके का प्रयोग किया जाते हैं।

ii. वह राज्य जहाँ बाँस ड्रिप सिंचाई प्रचलित विधि है।

iii. वह राज्य जहाँ 'गुल' या 'कुल' का प्रयोग एकत्र करने के लिए किया जाता है।

iv. वह राज्य जहाँ बाढ़ जल वाहिकाओं का विकास किया गया है।

v. वह नदी जिस पर सरदार सरोवर बाँध निर्मित हैं।

PDF Hindustanknowledge.com